कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री भगवती प्रसाद शर्मा पुत्र कुंज बिहारी लाल तिवाडी, ग्राम पोस्ट रसीदपुर तहसील महवा जिला दौसा (राज0)

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा राज0

अपील सं0 42/2018

<u>निर्णय</u> दिनांक 29.08.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा से सूचना/नकल हेतु दिनांक 11.04.2018 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा/उपखण्ड अधिकारी, महवा/तहसीलदार महवा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा एवं उपखण्ड अधिकारी, महवा से जवाब प्राप्त नहीं हुआ। तहसीलदार महवा द्वारा उनके पत्रांक राजस्व/2018/858 दिनांक 16.08.18 एवं आरटीआई/2018/84482 दिनांक 28.08.18 द्वारा आवेदक को सीधा ही सूचना उपलब्ध कराते हुए प्रति इस कार्यालय को पृष्ठांकित की गई है। साथ उनके द्वारा वॉछित सूचना में से बिंदु सं0 3 की सूचना उपखण्ड अधिकारी से संबंधित होने के कारण उनसे लिया जाना भी अंकित किया जाकर प्रार्थी को सूचित किया गया है। प्रेषित पत्रादि की छाया प्रतियॉ संलग्न पत्रावली है। इससे स्पष्ट होता है कि आवेदक को सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते

Web Copy - Not Official